असम के माननीय राज्यपाल

# श्री गुलाब चंद कटारिया जी का अभिभाषण



पंचदश असम विधान सभा

10 मार्च, बजट सत्र, 2023

माननीय अध्यक्ष और असम विधान सभा के माननीय सदस्य,

आपोनालोक आताइलोईकि नमस्कार जनाईसू। एटा नतुन बित्तीय बसरर आरंभनिर एई शुभ मुहूर्तत मोई आपोनालोकक शुभेच्छा जोनाईसू।

1. आज मैं 2023-24 के बजट सत्र की शुरुआत में आपके-सामने बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। इस अवसर पर मैं कुछ महत्वपूर्ण घटनाक्रमों पर प्रकाश डालते हुए अपनी बात कहना चाहता हूं। असम को पुनरुत्थान के पथ पर लाने के लिए हमारी सरकार ने हाल के दिनों में कुछ महत्वपूर्ण पहल की है। मेरी सरकार ने राज्य की जनता के आशीर्वाद और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में अभूतपूर्व शांति, प्रगति और विकास की नई यात्रा की एक नई पटकथा लिखी है। पिछले कई वर्षों से राज्य के विकास में अपर्याप्त बुनियादी ढांचे के अभाव और निवेश सबसे बड़ी बाधांए थीं। लेकिन मेरी सरकार के निरंतर प्रयासों से एक अविश्वसनीय परिवर्तन हुआ है। राज्य के लोगों में एक नया विश्वास, उम्मीद और ऊर्जा पैदा हुई है। जिससे राज्य के विकास की नई यात्रा आरंभ हुई है।

2. विस्तृत विवरण प्रस्तुत करने के पहले मैं सांस्कृतिक क्षेत्र में मेरी सरकार की दो उपलब्धियों का जिक्र करना चाहूंगा। ये उपलब्धियां हमारी सांस्कृतिक इतिहास से जुड़ी हुई हैं। जिसने हमारी सांस्कृतिक विरासत और संस्कृति को उच्च पायदान पर स्थापित करने में मदद की है। सबसे पहले, मैं इस वर्ष आयोजित

लाचित दिवस की घटना पर प्रकाश डालना चाहूंगा। यह परम संतोष की बात है कि राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित इस आयोजन से लोगों में आहोम साम्राज्य के महान सेनानायक लाचित बरफूकन के बारे में जागरूकता पैदा हुई है। इससे आहोम साम्राज्य के बारे में अंतर्राष्ट्रीय मानचित्र पर रेखांकित करने का अवसर मिला।

3. आहोम साम्राज्य के नायक लाचित बरफूकन की राष्ट्रभक्ति और वीरता पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने आक्रमणकारी मुगलों को करारी हार देकर इस भूमि को आक्रमणकारियों के अधीन से होने से बचाया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में उस सेना नायक की 400 वीं जयंती थी। और मेरी सरकार ने महान सेना नायक को सम्मान देने के लिए नई दिल्ली में तीन दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की। जिसमें माननीय प्रधानमंत्री, माननीय गृह मंत्री और सरकार के माननीय वित्त मंत्री ने भाग लिया। यह गर्व का विषय है कि हस्तलिखित टिप्पणियों के श्रेणी में असम ने सबसे बड़े ऑनलाइन फोटो एल्बम के रूप में अपनी महत्वपूर्ण उपलब्धि के साथ गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में प्रवेश किया है । लाचित बरफुकन पर 42.94 लाख लेख प्राप्त करने का रिकॉर्ड बना है। 9 मार्च 2023 को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स लिमिटेड, यूके द्वारा मेरी सरकार को सर्टिफिकेट ऑफ रिकॉर्ड प्रदान किया गया है।

4. मेरी सरकार राष्ट्रीय स्तर पर नए असम को गढ़ने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इस दिशा में हमारे प्रयासों में कई मील के पत्थर साबित हुए हैं। उनमें शामिल हैं- चराईदेव मैदाम को प्रतिष्ठित यूनेस्को विश्व विरासत का दर्जा मिलना। मैदाम आहोम राजवंश के राजाओं और राजवंश के सदस्यों के नश्वर अवशेष को दफनाया जाता था। यह गर्व और खुशी का विषय है कि इस वर्ष भारत के एकमात्र नामांकन चराइदेव मैदाम ने यूनेस्को सचिवालय के सभी तकनीकी आवश्यकताओं को पूरा किया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए असम सरकार तथा राज्य की जनता की ओर से मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने चराइदेव मैदाम को यूनेस्को विश्व विरासत स्थल में शामिल करने के लिए नामांकित किया।

5. बिहू असम की जीवन रेखा है, असम के गौरव बिहू को वैश्विक परिदृश्य में ले जाने के लिए और गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज कराने के लिए 14 अप्रैल को सरूसजाई स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 10,000 से भी अधिक कलाकार भाग लेंगे। माननीय प्रधानमंत्री जी इस भव्य आयोजन के साक्षी बनने की सहमति दे चुके हैं।

6. इस वर्ष, राज्य ने अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र में भी कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर सहित कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। वित्तीय वर्ष 2021-22 में असम ने पहली बार एक लाख करोड़ के बजट व्यय को पार किया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के कुल बजट में समेकित

निधि (consolidated fund) हेतु 1,27,793 रुपये कुल बजट का प्रावधान किया गया था। फरवरी' 2023 तक 1,03,000.00 करोड़ व्यय किया गया जो यह दर्शाता है कि मेरी सरकार ने वित्तीय वर्ष समाप्त होने के पहले ही 1 लाख करोड़ व्यय करने के आंकड़े को पार कर लिया है। इसे आगे बढ़ाते हुए मेरी सरकार की कुल बजट लगभग 1,20,000 करोड़ रुपये होगी, जो राज्य के विकास को दर्शाती है।

7. 2021-2022 वित्त वर्ष में राज्य के पुंजीगत व्यय (Capital Expenditure) में 150% से अधिक की वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 2017-18 में पुंजीगत व्यय ( Capital Expenditure) 7946 करोड़ रुपये था, जो बढ़कर वर्ष 2021-22 में बढ़कर 20,229 करोड़ रुपये हो गया।

8. इस वित्तीय वर्ष में मेरी सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है- 3 नए मेडिकल कॉलेज धुबड़ी, कोकराझार और नगांव में चिकित्सा महाविद्यालय आरंभ करने की अनुमति पत्र मिलना। इससे एमबीबीएस की 300 सीटों की संख्या में वृद्धि हो गई है। जबकि जल्द ही चौथा चिकित्सा महाविद्यालय के लिए अनुमति पत्र नलबाड़ी में भी आने की उम्मीद है। इससे राज्य में एमबीबीएस की सीटें तक बढ़कर 1500 हो जाएंगी। यह राज्य में चिकित्सा शिक्षा और डॉक्टरों की उपलब्धता में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विशेष रूप से अगर इस तथ्य पर विचार

किया जाए कि आजादी के बाद से, असम में 2009 तक केवल तीन मेडिकल कॉलेज थे, जिनमें 326 MBBS छात्रों को वार्षिक दाखिला मिलता था।

9. मेरी सरकार ने किसानों की आय में भारी वृद्धि करते हुए, 2021-22 में न्यूनतम समर्थन मूल्य 1940 रुपये प्रति क्विंटल के साथ धान खरीद अभियान शुरू किया था। इससे 43,978 किसान लाभान्वित हुए और वे 1097 करोड़ रुपये उपार्जित करने में सफल हुए। पिछले साल, राज्य ने 5.65 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की, 2022 के 16 मार्च तक केवल 1 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा गया था। इस साल इसे बढ़ाकर 2040 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। मेरी सरकार 4 मार्च, 2023 तक किसानों से 3.0 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद कर चुकी है, जिसमें 33,249 किसानों ने राज्यभर के 198 धान खरीद केंद्रों में अपनी उपज बेचकर 612 करोड़ रुपये कमाए हैं। मेरी सरकार चालू खरीफ विपणन सीजन के अंत तक यानी 30 सितंबर, 2023 तक 10 लाख मीट्रिक टन धान के लक्ष्य तक पहुंचने के प्रति आशान्वित है।

10. मेरी सरकार के निरंतर प्रयासों से राज्य की वित्तीय स्थिति में काफी सुधार हुआ है। अनुमानित रूप से, वर्ष 2022-23 के लिए राज्य का सकल राज्य घरेलू उत्पाद मौजूदा कीमतों पर 5 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है जो 2021-22 में

3,92,070.98 करोड़ था। मेरी सरकार को इस वर्ष सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 5.00 करोड़ रुपये को पार कर नया इतिहास रचने का विश्वास है। 2022 - 23 में मौजूदा कीमतों पर जीएसडीपी के संदर्भ में राज्य की प्रति व्यक्ति आय 1,22,954.00 रुपये होने का अनुमान है। वर्ष 2021-22 की 1,11,162.00 की तुलना में मौजूदा कीमतों पर 10.61 प्रतिशत की वृद्धि होना तय है।

11. मेरी सरकार ने वित्तिय पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने के लिए वित्त क्षेत्र में कई पहलों को लागू किया है, जिसने राजस्व संग्रह की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पिछले वित्त वर्ष (2021-22) के 10,141.09 करोड़ रुपये की तुलना में चालू वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान नवंबर 2022 तक 12,747.53 करोड़ रुपये (जीएसटी + गैर-जीएसटी) एकत्र किया गया है। इस अवधि में 25.70% की वृद्धि दर देखा गया है। आज हमारा खुद का राजस्व हस्तांतरण (with devolution) सहित बढ़कर 3,500 करोड़ रुपये प्रति माह हो गया है, जो सरकारी कर्मचारियों को अपने स्वयं के स्रोत से वेतन देने के लिए पर्याप्त है। यह निस्संदेह मेरी सरकार की एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।

12. मई 2021 के बाद से मेरी सरकार ने नीति और संस्थागत सुधारों पर ध्यान केंद्रित करते हुए महत्वाकांक्षी सुधार कार्यसूची में लगातार प्रगति की है और संबंधित क्षेत्रों के अनुरूप निवेश

किया है। सुधार कार्यसूची व्यापार को बढ़ावा देने, निवेश बढ़ाने, रोजगार पैदा करने और लगातार और गंभीर जलवायु संबंधी समस्याओं के प्रतिरोध क्षमता को बढ़ाने की इच्छा रखता है। इसने 2022 में उल्लेखनीय उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए राज्य में बाह्री सहायता प्राप्त परियोजना के क्षेत्र में नया जोर दिया है।

13. वर्तमान, निष्पादन के विभिन्न चरणों में 31,126 करोड़ रुपये की कुल भागीदारी के साथ 15 बाह्री सहायता प्राप्त परियोजनाएं चल रहे हैं। ये परियोजनाएं वित्त, परिवहन, लोक सेवा वितरण, सड़क और पुल अवसंरचना, कृषि, पर्यावरण और वन, जल आपूर्ति और मलप्रवाह-पद्धति, बिजली, कौशल विकास आदि जैसे क्षेत्रों में कार्यान्वयन के अधीन हैं। इन चल रही परियोजनाओं में से 2022 के दौरान 13,862 करोड़ रुपये की लागत वाली 4 परियोजनाओं के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

14. इसके अलावा 31,212 करोड़ रुपये की अनुमानित व्यय के साथ आर्थिक मामलों के विभाग (डीईए), वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कार्यान्वयन के लिए अनुमोदित 11 कार्यरत बाह्री सहायता प्राप्त परियोजना हैं। उल्लेखनीय है कि 2022 के दौरान ही, इन कार्यरत बाह्य सहायता प्राप्त परियोजना में से 13,572 करोड़ रुपये की कुल अनुमानित लागत वाली 5 परियोजनाओं को भारत सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया है, जो विकासात्मक

परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा किए गए प्रयासों और राज्य के कल्याण के लिए भारत सरकार से प्राप्त समर्थन को दर्शाता है।

15. कुछ साल पहले तक राज्य में हिंसा और उग्रवाद आम बात थी। लेकिन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के निरंतर प्रयासों से असम और पूर्वोत्तर में स्थायी शांति लाने के लिए आज सभी प्रमुख विद्रोही समूहों ने हथियार डाल दिए हैं या बातचीत में शामिल हो गए हैं। विद्रोही समूहों के साथ प्रमुख शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए, जिनमें कार्बी शांति समझौता और आदिवासी शांति समझौता शामिल हैं। जिसके परिणामस्वरूप इन समूहों से संबंधित बड़ी संख्या में विद्रोही कैडर संगठनों के भंग होने के बाद से मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं। राज्य में तेजी से आ रही शांति और सामान्य स्थिति के परिणाम स्वरूप, 1 अप्रैल, 2022 को सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 जो पिछले तीन दशकों से प्रचलन में था, 24 जिलों और असम के एक उप-मंडल से वापस ले लिया गया है।

16. आज असम के लोग भी हिंसा के खिलाफ खड़े हैं और अपनी ऊर्जा और कौशल को एक बेहतर, मजबूत, सुरक्षित, उत्पादक और स्थिर समाज बनाने में लगा रहे हैं। बंद और धरने की संस्कृति अब बीते दिनों की बात हो गई है। राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति

में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। प्रति लाख आबादी पर औसत अपराध दर की घटती दर में योगदान दिया है जो पिछले वर्ष के दौरान 384 था और दिसंबर 2022 के अंत तक घटकर 202 हो गया।

17. राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति में सुधार के साथ, 2022-23 के दौरान पर्यटन क्षेत्र में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। 2022-23 के बीते जनवरी तक इस क्षेत्र ने घरेलू पर्यटकों की संख्या में 511% की वृद्धि दर्ज हुई है। विदेशी पर्यटकों की संख्या में 763% वृद्धि हुई है। इस क्षेत्र को और बढ़ावा देने के लिए नई पर्यटन नीति 2022 तैयार की गई है। काजीरंगा, मानस आदि जगहों पर पर्यटन क्षेत्र में निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने प्रमुख हॉस्पिटैलिटी ग्रुप के साथ कई बृहद परियोजनाओं को लागू करने के आवश्यक समझौते पर मंजूरी दे दी हैं। असम पर्यटन को उद्योग का दर्जा देने वाला भारत के कुछ राज्यों में से एक है।

18. गरीबों और वंचितों को सेवा प्रदान करने के लिए मेरी सरकार ने कई नागरिक-केंद्रित सेवाएं शुरू की हैं। गुणवत्ता, समयबद्ध और पारदर्शी नागरिक केंद्रित भूमि संबंधी सेवा वितरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सरकार ने मिशन बसुंधरा 1.0 शुरू किया, जो 8 लाख से अधिक आवेदनों के निपटान के साथ संपन्न हुआ। आवेदनों की भारी संख्या इस बात का सबूत है कि सार्वजनिक क्षेत्र में अनसुलझे भूमि मामलों की मात्रा बहुत बड़ी

थी, और लोगों ने मिशन द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवा पर दृढ़ विश्वास जताया है। मिशन वसुंधरा 1.0 में शानदार सफलता के बाद, मेरी सरकार ने 14 नवंबर, 2022 को मिशन वसुंधरा 2.0 शुरू किया। वसुंधरा 2.0 का उद्देश्य अतिरिक्त सेवाएं प्रदान करना है, जैसे कि सरकारी खास भूमि का बंदोबस्त और सीलिंग अधिशेष भूमि, कब्जे वाले किरायेदारों को स्वामित्व अधिकार प्रदान करना, हस्तांतरित वार्षिक भूमि पट्टा का निपटान, व्यक्तियों को पीजीआर/वीजीआर भूमि का बंदोबस्त, स्वदेशी विशेष कृषकों के लिए भूमि का बंदोबस्त/आदिवासी समुदायों को वंशानुगत भूमि का बंदोबस्त, समग्र भूमि हस्तांतरण सेवाएं, भू-राजस्व का ऑनलाइन भुगतान, डिजिटल मुद्रांकन आदि।

19. पहले आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों को जाति प्रमाण-पत्र बनवाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था, जिससे शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लेने और सरकारी सेवाओं में शामिल होने में काफी परेशानी होती थी। मेरी सरकार ने अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ी जातियों को उनके दरवाजे पर बिना किसी परेशानी के जाति प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मिशन भूमिपुत्र की पहल की। इस मिशन के तहत सभी जाति प्रमाण-पत्र उपायुक्तों द्वारा जारी किए जा रहे हैं और स्कूली छात्रों को उनके स्कूल में ही उनके प्रमाण-पत्र सौंपे जा रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा आवेदकों की जातियों के सत्यापन में जाति संगठनों के विभिन्न सरकारी अधिकृत शीर्ष संस्थाओं को

सहायता प्रदान की जा रही है। आवेदन करने से लेकर दस्तावेज जमा करने, प्रमाण पत्र जारी करने तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन काम करती है।

20. मेरी सरकार एक लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने के वादे के साथ सत्ता में आई थी। सरकार अपने वादे पर खरा उतरते हुए 10 मई, 2021 से सरकारी क्षेत्र में 41,920 उम्मीदवारों को नियुक्ति दी है। सभी नियुक्तियां पूरी पारदर्शिता के साथ की गई हैं। सही उम्मीदवारों को नियुक्त कर सरकारी तंत्र को मजबूत करने के लिए सभी उपाय अपनाए गए हैं। इसके अलावा, राज्य सरकार में 26,000 ग्रेड III और ग्रेड IV पदों के लिए नियुक्तियों के दूसरे दौर की प्रक्रिया चल रही है। मेरी सरकार घोषणा के अनुसार 1 लाख रोजगार को इस वर्ष पूरा करेगी।

21. आंकड़े बताते हैं कि असम में बाल विवाह यौन शोषण से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, 2012 और बाल विवाह रोकथाम अधिनियम का उल्लंघन हो रहा है। यही कारण है कि राज्य में मातृ एवं नवजात मृत्यु दर अभी भी ज्यादा है। राज्य सरकार इस मुद्दे को बहुत गंभीरता से ले रही है और बाल विवाह के खिलाफ शून्य सहिष्णुता पर अडिग है। मेरी सरकार ने 3 फरवरी, 2023 से राज्य में बाल विवाह के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया है और अब तक बाल विवाह कानून का उल्लंघन करने के अपराध में करीब 2789 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मेरी

सरकार बाल विवाह के पीड़ितों के लिए राहत और पुनर्वास पैकेज लाएगी।

22. राज्य के विकास की कहानी में आमूल-चूल परिवर्तन लाने के लिए मेरी सरकार के कुछ प्रयासों पर प्रकाश डालने के बाद, मैं अब सदन के माननीय सदस्यों को मेरी सरकार द्वारा अगले वर्ष के लिए निर्धारित किए गए लक्ष्यों से अवगत कराना चाहूंगा। विकास के एजेंडे को जारी रखते हुए और समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए, मेरी सरकार ने एक विजन और लक्ष्य तय किया हैं, जिन्हें मैं प्रस्तुत करना चाहूंगा।

A. मैंने पहले ही कहा है कि मेरी सरकार युवाओं को सरकारी क्षेत्र में एक लाख नौकरियां देने के वादे के साथ सत्ता में आई थी। लेकिन आगे चलकर मेरी सरकार का लक्ष्य एक ऐसा ईको-सिस्टम विकसित करना है, जहां हमारे युवा खुद को रोज़गार इच्छुक (जॉब सिकर) से रोज़गार निर्माता (जॉब क्रिएटर) में बदल सकें। मेरी सरकार अगले 36 महीनों में स्व-रोजगार के अवसरों को और बड़े पैमाने पर खोलने के लिए काम करेगी। इससे न केवल हमारे युवाओं को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी बल्कि ग्रामीण

अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने में भी यह सहायता करेगी।

B. बाल स्वास्थ्य के मामले में राज्य ने हाल ही के वर्षों में प्रभावशाली प्रगति की है। एनएचएस-5 के आंकड़े राज्य में 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में कमी को दर्शाते हैं। लेकिन साथ ही, राज्य में बाल विवाह और किशोर गर्भावस्था के मामलों की भयंकर छवि भी सामने आती है, जिसका सीधा असर बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ता है। इसे ध्यान में रखते हुए, मेरी सरकार बाल स्वास्थ्य में सुधार से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए एक मिशन मोड दृष्टिकोण अपनाएगी।

C. मेरी सरकार ने अब तक असम माइक्रो फाइनेंस इंसेंटिव एंड रिलीफ स्कीम (एएमएफआईआरएस) 2021 के तहत श्रेणी-I और श्रेणी-II के कार्यान्वयन को पूरा किया है, जिससे लगभग 10 लाख कर्जदार लाभान्वित हुए हैं। मेरी सरकार इससे और आगे ले जाएगी और महिला कर्जदारों को ऋण मुक्त करने के लिए एनपीए की श्रेणी-III के मामले में ऋणदाताओं की प्रतिपूर्ति करेगी।

D. शिक्षा केंद्रित, मेरी सरकार ने राज्य में शिक्षा क्षेत्र के पुनरुत्थान के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाने की योजना बनाई है। शिक्षण संस्थानों के बुनियादी ढांचे में सुधार पर विशेष जोर दिया जाएगा। हेरिटेज शिक्षण संस्थानों के आधारिक संरचना को मजबूत किया जाएगा और सैकड़ों नए स्कूल शुरू किए जाएंगे।

E. इसी तरह, छात्रों के लिए उच्च शिक्षा के अवसरों को बढ़ाने के अपने प्रयासों को जारी रखते हुए, मेरी सरकार राज्य में बड़ी संख्या में कॉलेजों का निर्माण करेगी।

F. पिछले कुछ वर्षों में असम में शहरी आबादी में लगातार वृद्धि हुई है। इन लोगों के स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के समाधान के लिए मेरी सरकार ने पहले ही कई कदम उठाए हैं। हालांकि, कस्बों और शहरों में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य सुविधाओं को अधिक सुलभ और सस्ता बनाने के लिए, मेरी सरकार द्वारा शहरी स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

G. अरुणोदय योजना के माध्यम से राज्य में लाखों लोगों को गरीबी से लड़ने में मदद मिली और इसी को ध्यान में रखते हुए, मेरी सरकार ने बहुत समावेशी दिशा-

निर्देशों के साथ अरुणोदय 2.0 पहले ही शुरू किया है। गरीब और वंचित वर्ग की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को और अधिक बढ़ावा देने के लिए इस योजना को और मजबूत किया जाएगा।

H. असम में चाय की खेती का एक लंबा इतिहास रहा है। 1823 में, सिंगफो समुदाय के प्रमुख सिंगफो गाम या बीसा गाम ने ईस्ट इंडिया कंपनी के एजेंट मेजर रॉबर्ट ब्रूस को पहला चाय का पौधा भेंट किया था। तभी अंग्रेजों को पता चला कि चाय असम की मूल खेती है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष असम की चाय 200 साल पूरे कर रही है। इसलिए, कई योजनाएं इस क्षेत्र में सुधार करने और राज्य के चाय बागान के भाइयों और बहनों के कल्याण के लिए तैयार किए गए हैं।

I. मेरी सरकार सभी के लिए सम्मानजनक जीवन सुनिश् चित करने के लिए बुनियादी मानवीय जरूरतों को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित कर इसके लिए कर काम कर रही है। एनएफएसए के तहत मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराने के अलावा, हम आगे बढ़कर सभी के स्वास्थ्य और घर के लिए काम करना चाहते हैं। मेरी सरकार का लक्ष्य है कि हर नागरिक का किसी एक प्रकार के

भौतिक वस्तु पर स्वामित्व हो जिस पर वह अपना दावा कर सके। इस संबंध में, मेरी सरकार कई पहल शुरू करेगी, जो बजट में विस्तार से प्रस्तुत किया जाएगा।

**माननीय सदस्यगण**

23. मैंने अपने अब तक के भाषण में मेरी सरकार द्वारा राज्य के कल्याण के लिए अपनाई जा रही नीतियों और कार्यक्रमों के बारे में उचित जानकारी देने का प्रयास किया है। मैं अब कुछ ऐसे क्षेत्रों पर बोलना चाहूंगा, जहां मेरी सरकार अथक रूप से काम कर रही है।

## (A) इतिहास और संस्कृति को संजोना

24. मेरी सरकार प्रदेश के विभिन्न मूलनिवासी समुदायों की सांस्कृतिक पहचान के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। असम विभिन्न लोगों और जातियों के रंग-बिरंगे संस्कृति का मिलन स्थल है। राज्य का इतिहास प्राचीन काल से है और इसके महान नायकों ने हमेशा बाहरी लोगों के आक्रमणों का विरोध किया और इस क्षेत्र की एक अनूठी संस्कृति और सभ्यता को विकसित करने में मदद की। मेरी सरकार राज्य को अपने पूर्वजों से विरासत में मिली समृद्ध संस्कृति के आधार पर भविष्य की कल्पना करने में और अतीत को संजोने में विश्वास करती है।

25. मेरी सरकार जोरहाट के होल्लोंगापार में लाचित बरफुकन का भव्य स्मारक बनाने के लिए भी कदम उठा रही है। साथ ही उत्तर-गुवाहाटी के पास अलाबोई युद्ध मैदान में असमिया सैनिकों के सर्वोच्च बलिदानों को सम्मान देते हुए कामरूप जिले के अंतर्गत ददरा के पचरिया गांव में एक युद्ध स्मारक बनाने का निर्णय लिया है।

26. ग्वालपरिया लोकगीतों में पद्मश्री प्रतिमा बरुवा पांडे के अपार योगदान ने उन्हें राज्य के प्रत्येक नागरिक का प्रिय बना दिया। मेरी सरकार ने ग्वालपरिया लोकगीत सम्राज्ञी स्वर्गीय प्रतिमा बरुआ पांडे के आवास को संरक्षित करने की पहल की है। उनके घर को स्मारक में बदलने के लिए पहले ही अधिग्रहित कर लिया गया है।

27. असमिया संस्कृति का प्रतीक गामोछा का इस्तेमाल अक्सर सम्मानीय लोगों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने के लिए किया जाता है। वर्ष 2022 में गामोछा को जीआई टैग प्राप्त हुआ, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे गामोछा उत्पादन की नकल रुकेगी और प्रदेश के बुनकरों को काफी लाभ होगा। हथकरघा गामोछा के

विपणन में सुधार लाने के लिए भी सरकार ठोस कदम उठा रही है।

(B) सामाजिक बुराइयों का उन्मूलन

28. सामाजिक बुराइयों को दूर करने से ही समाज प्रगति के पथ पर आगे बढ़ सकता है। व्यक्तियों के विकास के लिए सामाजिक कुरीतियों का उन्मूलन करना आवश्यक है। इसलिए, मेरी सरकार ने सभी सामाजिक बुराइयों को मिटाने और असम को नागरिकों के लिए सबसे अच्छी जगह बनाने के लिए कदम उठा रही हैं।

29. असम पुलिस ने ड्रग्स कार्टेल के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। हमारे निरंतर अभियान के परिणामस्वरूप, 2 मार्च, 2023 तक एनडीपीएस अधिनियम के तहत 5191 मामले दर्ज किए गए हैं और 8632 से अधिक ड्रग्स तस्करों को भारी मात्रा में नशीले पदार्थों के साथ गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा, 31 दिसंबर 2022 तक, असम पुलिस द्वारा मानव तस्करी के 203 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें से 173 मानव तस्करों को गिरफ्तार किया गया है और लगभग 358 पीड़ितों को बचाया गया हैं।

30. कुछ साल पहले तक राज्य के लोगों को हर सुबह काजीरंगा और अन्य राष्ट्रीय उद्यानों में एक सींग वाले गैंडों के अवैध शिकार की खबर मिलती थी। लेकिन, मेरी सरकार के निरंतर प्रयासों के कारण, असम ने हाल के इतिहास में पहली बार 2022 में गैंडों का

शून्य शिकार दर्ज किया है। फलस्वरूप, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय समाज में शिकारियों के खिलाफ मेरी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को लेकर एक सकारात्मक संदेश भेजा गया है।

(C) राज्य की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना

31. मैंने पहले ही उल्लेख किया है कि मेरी सरकार ने असम की अर्थव्यवस्था में मौलिक परिवर्तन लाने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं। इस उद्देश्य से अर्थव्यवस्था की संभावित क्षेत्रों और सभी पहलुओं को शामिल करने के लिए विभिन्न उपाय किए गए हैं। जिसमें कृषकों के सुख-सुविधा और उद्योगपतियों के लिए एक सक्षम वातावरण प्रदान करना शामिल है। सरकार के कदमों ने परिणाम दिखाना शुरू कर दिया है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, कोविड-19 महामारी के प्रभाव को कम करते हुए जीएसडीपी की वृद्धि दर्ज करना।

32. वित्त बर्ष 2022-23 की पहली दो तिमाहियों (30 सितंबर 2022 तक) में एमएसएमई के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को 10,161.65 करोड़ रुपये का ऋण प्रदान किया गया है। साथ ही मुद्रा योजना के तहत 2,014.29 करोड़ रुपये ऋण प्रदान किया गया है। एमएसएमई के तहत कैलेंडर वर्ष 30 सितंबर, 2022 तक वर्धित कुल ऋण 12,636.04 करोड़ रुपये है और मुद्रा योजना के तहत 3,344.75 करोड़ रुपये वितरण किए गए हैं।

33. एमएसएमई के क्षेत्र में ऋण की स्वीकृति को आसान बनाने के साथ मेरी सरकार ने एसआईडीबीआई-सीजीटीएमएसई योजना के सहयोग से

2 करोड़ रुपये तक की अतिरिक्त सार्वभौम गारंटी प्रदान करने के लिए असम क्रेडिट गारंटी योजना को मंजूरी दी है, जिससे 5,000 करोड़ रुपये ऋण प्राप्त होने की उम्मीद है।

34. मेरी सरकार ने राज्य में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए असम की इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2021 को भी अधिसूचित किया है। यह नीति स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में लिया गया एक कदम है।

35. एमएसएमई के क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए असम स्टार्ट-अप वेंचर कैपिटल फंड को असम लघु विकास ट्रस्ट के रूप में नामांकित किया गया है। यह स्थानीय स्टार्टअप इकोसिस्टम के लिए एक उपयुक्त वातावरण का निर्माण करेगा। फलतः स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे और राज्य के प्रतिभा को प्रोत्साहन मिलेगा।

36. मेरी सरकार ने 25.65 करोड़ रुपये मूल्य के क्वार्टजाइट के 6 ब्लॉक और चाइना क्ले के एक ब्लॉक की नीलामी की है। दीमा हसाओ में लाइमस्टोन के छह ब्लॉक और धुबरी जिले में लौह अयस्क के एक ब्लॉक की नीलामी के लिए लेनदेन सलाहकार के रूप में एसबीआई कैपिटल मार्केट लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया हैं। भारत सरकार ने पहली बार लाइमस्टोन, लोहा और सिलिमिनाइट पर तीन पर्यवेक्षण परियोजनाओं को मंजूरी दी हैं। कोयला मंत्रालय ने दीमा हसाओ जिले में जी4 स्तर तक के कोयले की खोज के लिए तकनीकी स्वीकृति दे दी है।

(D) सामाजिक सुरक्षा उपाय

37. मेरी सरकार सामाजिक न्याय और सामाजिक समरसता के सिद्धांतों पर चलने के लिए प्रतिबद्ध है। इस उद्देश्य से मेरी सरकार सामाजिक सुरक्षा का एक सक्षम ईकोसिस्टम बनाकर विभिन्न वर्गों के लोगों को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

38. मेरी सरकार आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित परिवारों के लाखों लोगों को आर्थिक और पोषण सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। अरुणोदय योजना के तहत अक्टूबर 2022 से मासिक लाभ की मात्रा 1000 रुपये से बढ़ाकर 1250 रुपये कर दी गई है, जिससे 17 लाख से अधिक परिवार लाभान्वित हुए हैं। अप्रैल, 2023 से 4000 करोड़ से अधिक रुपये के अनुमानित वार्षिक लागत से लाभार्थियों की संख्या 27 लाख तक बढ़ाई जाएगी।

39. कोविड-19 की बार-बार आने वाली लहरों के दौरान सूक्ष्म वित्त ऋण के बोझ तले दबे लोगों की सहायता के लिए वर्ष 2021 में असम सूक्ष्म वित्त प्रोत्साहन और राहत योजना शुरू की गई थी, जिसमें कुल 1800 करोड़ रुपये (लगभग) से लगभग 10 लाख कर्जदाता लाभान्वित हुए थे।

40. मेरी सरकार ने 15 जून, 2022 को शहीद कुशल कोंवर की पुण्यतिथि के अवसर पर देश के स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले 19 शहीदों के निकटतम परिजनों को 500,000/- (पांच लाख रुपये मात्र) की राशि भी प्रदान की है।

41. मेरी सरकार ने 2024 तक सभी के लिए आश्रय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 17, 09,626 लाभार्थियों को पीएमएवाई-जी आवास की मंजूरी दी है, जिनमें से 7,15,618 आवास पहले ही निर्माण हो चुके हैं। इसके अलावा, मेरी सरकार जल जीवन मिशन के तहत पेयजल कनेक्शन, सौभाग्य योजना के तहत बिजली कनेक्शन, उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन आदि जैसी अतिरिक्त सुविधाएं लाभार्थियों को प्रदान कर रही है।

42. मेरी सरकार ने वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक कम से कम 50% जनजातीय आबादी वाले गांवों को मॉडल गांव में बदलने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना (पीएमएएजीवाई) के तहत कुल 1700 गांवों की पहचान की गई हैं। कुल 858 गांवों के लिए फंड स्वीकृत किया गया हैं।

43. मेरी सरकार पत्रकार चिकित्सा कल्याण योजना को सफलतापूर्वक लागू कर रही है। वर्ष 2022-23 के दौरान 29 पत्रकारों को 10.12 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। 2022-23 के दौरान असम पेंशन योजना के तहत 20 पत्रकारों को पेंशन प्रदान की गई है। साथ ही अब तक 120 पत्रकारों को प्रति माह 8,000.00 रुपये करके पेंशन प्रदान कर रही है।

(E) स्वायत्त परिषद

44. मेरी सरकार राज्य में रहने वाले लोगों के उत्थान और एक समान विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए सरकार स्वायत्त परिषदों के विकास

के लिए योजना बना रही है। ताकि वहां रहने वाले लोगों के लक्ष्यों और आकांक्षाओं को पूरा किया जा सके।

45. असम के पहाड़ी क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए वित्त (बजट) विभाग ने राज्य की अपनी प्राथमिकता विकास (एसओपीडी) (जी) के रूप में 37300.00 लाख रुपये और कार्बी आंगलोंग स्वायत्त परिषद को विशेष अनुदान के रूप में 10000.00 लाख रुपये और एसओपीडी (जी) के रूप में 19378.00 लाख रुपये और वर्ष 2022-23 में दो पहाड़ी जिलों के सर्वांगीण विकास के लिए एनसी हिल्स स्वायत्त परिषद को विशेष अनुदान के रूप में 62000.00 लाख रुपये प्रदान किए है।

46. कार्बी आंगलोंग जिले के डीफू में नया मेडिकल कॉलेज और अनुसंधान संस्थान, बागोरी एंट्री पॉइंट पर टूरिस्ट लॉज जैसी कई बुनियादी ढांचागत परियोजनाएं लागू की गई हैं। इसके अलावा, एनसी हिल्स स्वायत्त परिषद बहुमंजिला पार्किंग, सांस्कृतिक संस्थान हॉल, हाफलोंग मिशन रोड का सुधार, हाफलोंग मार्केट/टाउन का सौंदर्यीकरण आदि जैसे निर्माण कार्य परिषद द्वारा शुरू किए गए हैं। इसके अलावा, 28 अप्रैल 2022 को प्रधानमंत्री द्वारा शिलान्यास किए गए पश्चिम कार्बी आंगलोंग में कृषि महाविद्यालय, मांजा में पशु चिकित्सा महाविद्यालय और पश्चिम कार्बी आंगलोंग में सरकारी डिग्री कॉलेज का निर्माण पीएम-डिवाइन के तहत किया जाएगा।

47. बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न उच्च और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में 935 टेट उत्तीर्ण सहायक शिक्षकों और

स्नातकोत्तर शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। बीटीआर के चिरांग, बक्सा और उदालगुरी जिले में तीन सरकारी मॉडल कॉलेजों की नींव रखी गई है। उदालगुरी जिला के भेरगांव में उदालगुरी पॉलिटेक्निक का उद्घाटन किया गया है और यहां शैक्षणिक सत्र चल रहा है। चिरांग, बक्सा और उदालगुरी जिले में तीन शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान (डीआईईटी) के शैक्षणिक भवनों का उद्घाटन किया गया है।

(F) शांति और सुरक्षा

48. मेरी सरकार सभी के शांति और सुरक्षा के प्रति सचेत है। मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि असम को कभी अशांत क्षेत्र माना जाता था, परंतु आज इस राज्य के शांति, सुरक्षा और स्थिरता की सराहना की जा रही है। यह राज्य के लोगों के शांतिप्रिय स्वभाव,कानून और व्यवस्था के कुशल प्रबंधन, उग्रवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति और विभिन्न जातियों की वास्तविक आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में मेरी सरकार की अथक प्रयासों के कारण संभव हो पाया है। कानून और व्यवस्था बनाए रखने में भारत सरकार की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही है, क्योंकि लगभग सभी बिद्रोही समूह अब केंद्र के साथ शांति-प्रक्रिया में शामिल हो गए हैं।

49. यह गर्व की बात है कि असम पुलिस को अपराध नियंत्रित करने, उग्रवाद से निपटने, जीवन और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने और राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने में असाधारण प्रदर्शन के लिए प्रेसिडेंट्स कलर अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

50. मेरी सरकार सुरक्षा और विकास दोनों को ध्यान में रखते हुए सभी अंतर्राज्यीय सीमावर्ती जिलों और अंतरराष्ट्रीय सीमावर्ती जिलों को सड़क नेटवर्क से जोड़ने को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। मेरी सरकार की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि यह है कि हमने अंतर्राज्यीय सीमा विवादों को निर्णायक रूप से निपटाने के लिए साहसिक और सकारात्मक कदम उठाया है।

(G) सुधार

51. मेरी सरकार एक ऐसे माहौल का निर्माण करने और उसे बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां सुधार के माध्यम से लोगों के विकास में तेजी आए। हाल ही में सरकार ने हमारी शासन प्रणाली तक लोगों की पहुंच और लोगों के प्रति सरकार की उत्तरदायित्व बढ़ाने के लिए कई सुधारात्मक कदम उठाए हैं।

52. पिछले वर्ष मेरी सरकार ने मिनी मिशन इनिशिएटिव के तहत विभिन्न जिलों में रहने वाले राज्य के मूल भूमिहीन परिवारों को आवास प्रदान करने हेतु 1037 प्रस्तावों को निपटाया हैं। इस पहल के तहत 319 प्रस्तावित विभिन्न सरकारी संस्थानों, निजी शैक्षणिक संस्थानों, विभिन्न गैर सरकारी और सार्वजनिक संस्थाओं की स्थापना और वार्षिक पट्टा को आवाधिक पट्टे में बदलने के लिए भूमि आवंटित की गई है।

53. 10 मई 2021 से पहले जमा की गई विचाराधीन पुरानी फाइलों के निपटान के लिए असम सचिवालय में मिशन सद्भावना शुरू की गई। 30 अप्रैल 2022 तक मिशन सद्भावना-1 के लिए विकसित पोर्टल के माध्यम

से कुल 2502 आवेदन प्राप्त हुए और इनका सौ प्रतिशत निपटान किया गया। वर्तमान मिशन सद्भावना-2 कार्यान्वित किया जा रहा है। सरकारी सेवाओं की समयबद्ध वितरण करने के लिए 7 अक्टूबर, 2021 को शुरू किया गया एआरटीपीएस पोर्टल अब 134 ऑनलाइन सेवाओं के लिए नागरिक इंटरफेस और त्वरित सेवा प्रदान कर रहा है।

54. पेंशनरों की कठिनाई को कम करने के लिए कृतज्ञता पोर्टल शुरू की गई है। यह एक स्थान पर समाधान डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसमें पेंशनरों और विभागों को पेंशन के कागजात अपलोड करने में सहायता मिलेगी।

55. युवाओं को एक लाख सरकारी नौकरियां प्रदान करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, मेरी सरकार ने असम सीधी भर्ती आयोग के अनुरूप तृतीय श्रेणी और चतुर्थ श्रेणी अधिनियम, 2021 के तहत तृतीय श्रेणी और चतुर्थ श्रेणी के पदों के लिए राज्य स्तरीय भर्ती आयोग का गठन किया है।

56. मेरी सरकार ने डीटीओ कार्यालयों में आधार आधारित संपर्क रहित सेवाएं प्रदान करने की पहल की है और पहले ही 45 संपर्क रहित और फेसलेस ऑनलाइन सेवाएं शुरू की हैं।

57. मेरी सरकार ने भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई है और सरकारी दफ्तरों से भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ने का प्रयास किया है। इस सामाजिक खतरे की जांच के लिए असम पुलिस की सतर्कता और

भ्रष्टाचार विरोधी शाखा को सक्रिय कर दिया गया है, जिससे कई सरकारी कर्मचारी रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़े गए हैं।

58. 10 मई, 2021 से 06 मार्च, 2023 की अवधि के दौरान कुल 71 (इकहत्तर) ट्रैप केस दर्ज की गयी हैं। 18 (अठारह) गजेटेड ऑफिसर सहित 81 (इक्यासी) लोक सेवकों के साथ 03 (तीन) मध्यभोगी को ट्रैप केस के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। वर्तमान सरकार की अवधि के दौरान आज तक 1,24,86,100/- करोड़ रुपये (एक करोड़ चौबीस लाख, छियासी हजार एक सौ) की नकद राशि और 97.160 ग्राम सोना असम सरकार के सतर्कता और भ्रष्टाचार विरोधी द्वारा बरामद किया गया है।

(H) ढांचागत विकास

59. मेरी सरकार लोगों को विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा और कनेक्टिविटी नेटवर्क उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस एजेंडे को सफल करने के लिए अवसंरचना और कनेक्टिविटी के विकास पर काफी जोर दिया जा रहा है। अंत्योदय या अंतिम व्यक्ति के उत्थान के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुए मेरी सरकार राज्य के दूरस्थ इलाकों में सड़क-नेटवर्क, पुल और बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए यथोचित प्रयास कर रही है।

60. माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 28 अप्रैल, 2022 को असम में 5,147.73 हेक्टेयर भूमि में प्रस्तावित 3,007 अमृत सरोवर निर्माण की नींव रखी, जिसे 15 अगस्त, 2023 तक पूरा किया जाएगा।

61. मेरी सरकार ने 2026 तक असम को पूर्वोत्तर का चिकित्सा केंद्र बनाने का लक्ष्य रखा है। इस उद्देश्य से असम में नई चिकित्सा अवसंरचना स्थापित करने पर जोर दिया जा रहा है। इस कदम से स्वास्थ्य क्षेत्र को एक बड़ा प्रोत्साहन मिला है। तिनसुकिया मेडिकल कॉलेज निर्माण के अग्रिम चरणों में है। चराइदेव और विश्वनाथ में दो नए मेडिकल कॉलेजों का निर्माण शुरू किया जा चुका है। गुवाहाटी में कालापहाड़ परिसर के केंद्र में प्रागज्योतिषपुर मेडिकल कॉलेज और एमएमसीएच अस्पताल का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा, धेमाजी, तामुलपुर, गोलाघाट, बोंगाईगांव और मोरीगांव में पांच नए मेडिकल कॉलेजों की आधारशिला हाल ही में रखी गई हैं। शिवसागर, करीमगंज और ग्वालपारा में तीन नए मेडिकल कॉलेज की भी योजना बनाई गई है। और मौजूदा 6 मेडिकल कॉलेजों में सुपर स्पेशियलिटी विंग की स्थापना और गुवाहाटी में 6 जिला अस्पतालों और स्वास्थ्य भवन के अवसंरचना में सुधार किया गया है। ये सभी अवसंरचना असम के लोगों को अत्यावश्यक चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करेगी।

62. खेल क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के निर्माण करने के उद्देश्य से सरकार ने पूरे असम में 10 जिला स्टेडियम और 40 मिनी स्टेडियम बनाए हैं, जिनमें से 9 जिला स्टेडियम और 32 मिनी स्टेडियम आवंटित किए गए हैं और जल्द ही इसका निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। डिब्रूगढ़ जिले के खानिकर, लखीमपुर जिले के साबोटी और सुआलकुची में खेल स्टेडियम का निर्माण जल्द ही पूरा हो जाएगा। जोरहाट जिला क्रिकेट ग्राउंड को अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल परिसर में उन्नत किया जाएगा।

63. मेरी सरकार ने द्वारका, नई दिल्ली में नए असम भवन का निर्माण, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली और रसेल स्ट्रीट, कोलकाता में असम भवनों का पुनर्निर्माण और बैंगलोर और वेल्लोर में असम भवनों का निर्माण शुरू किया गया है।

64. गुवाहाटी में सम्मेलन केन्द्र एवं स्टेट गेस्ट हाउस का निर्माण भी प्रगति पर है और जुलाई, 2023 तक इसका निर्माण पूरा हो जाएगा। नए असम विधानसभा भवन का निर्माण कार्य अंतिम चरण पर है और दो नए 15 मंजिला आरसीसी विधायक आवास भवन पुराने एमएलए आवास परिसर में शुरू किए गए हैं और निविदा प्रक्रिया के तहत हैं।

65. असम माला कार्यक्रम के तहत असम में सड़क नेटवर्क को मजबूत और उन्नत किया जा रहा है। सड़क उन्नयन के लिए इसके एसओपीडी के तहत 343 किलोमीटर लंबाई के 18 कार्य किए गए हैं।

66. गुवाहाटी और उत्तर-गुवाहाटी को जोड़ने वाले ब्रह्मपुत्र नदी पर निर्माणाधीन पीएससी पुल की अब तक 66 प्रतिशत प्रगति हुई है। पुल की उपयोगिता को बढ़ाने के लिए उत्तर गुवाहाटी में राष्ट्रीय राजमार्ग के गौरीपुर पर ट्रमपेट जंक्शन की एक परियोजना के लिए 332.59 करोड़ रुपये मंजूरी दी गई है।

67. ब्रह्मपुत्र नदी पर पलाशबरी को शुआलकुची से जोड़ने वाले एक और पुल के लिए 3197.20 करोड़ रुपये स्वीकृत की गई है और निर्माण कार्य जल्द शुरू होने वाला है।

68. गुवाहाटी के आरजी बरुवा रोड पर और मालीगांव के एटी रोड पर उन्नत सड़क परियोजना की प्रगति क्रमशः 40% और 58% हुई है। एक बार निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद ये परियोजना यह आवाजाही के समय को कम करके शहर के जीवन में एक उल्लेखनीय बदलाव लाएगी।

69. असम पीएमजीएसवाई के कार्यान्वयन में राज्यों के बीच अग्रणी प्रदर्शन दिखा रहा है। राज्य को 32421 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्यों के लिए 22,017 करोड़ रुपये की राशि की कुल स्वीकृति प्राप्त हुई है। अब तक राज्य सरकार ने 30,784 किलोमीटर सड़क का निर्माण पूरा किया हैं और 21,689 करोड़ रुपये खर्च किया हैं। पीएमजीएसवाई-3 के तहत, 4325 किलोमीटर आवंटित सड़क के विपरीत 3756 किलोमीटर के लिए स्वीकृति प्राप्त हुई है और शेष 569 किलोमीटर की मंजूरी जल्द ही दी जाएगी।

70. किफायती आवास प्रदान करने और गुवाहाटी शहर में भीड़ कम करने के लिए गुवाहाटी महानगर विकास प्राधिकरण द्वारा जागीरोड (किनारे के क्षेत्र के साथ) में 550 एकड़ भूमि में एक नया सैटेलाइट टाउनशिप विकसित किया जा रहा है।

71. मेरी सरकार गुवाहाटी शहर के निवासियों की पेयजल समस्या के समाधान के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं। 14 डीएमएएस के तहत लगभग 12,000 घरों को शामिल करने की क्षमता के साथ, जेआईसीए सहायता प्राप्त गुवाहाटी जल आपूर्ति परियोजना को 21 दिसंबर, 2022 को आंशिक रूप से चालू किया गया था। साथ ही शेष 107 डीएमएएस

के लिए फरवरी, 2023 से दिसंबर, 2024 के बीच चरणबद्ध तरीके से जलापूर्ति शुरू करने पर विचार किया गया है।

72. वैज्ञानिक तरीके से कचरे के प्रसंस्करण के लिए मेरी सरकार ने बेलोरटोल में 150 टीपीडी क्षमता का कम्पोस्ट सह आरडीएफ संयंत्र स्थापित किया है। संयंत्र का निर्माण कार्य चल रहा है और 2023 के मध्य तक कार्यान्वित किया जाएगा।

73. मेरी सरकार ने राज्य में पर्यटन के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए एनईसी के तहत दो परियोजनाओं को पूरा किया है। जैसे- शिवसागर में बौद्ध गंतव्य केंद्र का विकास और डिब्रूगढ़ में चाय संग्रहालय। एनईसी के तहत काजीरंगा में विरासत बंगले के विकास के लिए एक अन्य परियोजना का कार्य जारी है।

74. असम में जल जीवन मिशन के सफल कार्यान्वयन के बाद, 23 दिसंबर, 2022 तक, राज्य भर में 26,57,195 यानी 41.15% ग्रामीण परिवारों को चालू घरेलू नल कनेक्शन (एफएचटीसी) में शामिल किया गया है।

(I) शिक्षा

75. शिक्षा संपूर्ण मानव क्षमता प्राप्त करने के लिए मौलिक साधन है। आर्थिक विकास, सामाजिक न्याय, वैज्ञानिक उन्नति और सांस्कृतिक संरक्षण के मामले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक सार्वभौमिक पहुंच असम के उत्थान की कुंजी है। असम में शिक्षा और ज्ञान अर्थव्यवस्था की दिशा में

अनुकूल माहौल है। लोगों की सेवा में मानवीय चेहरे के साथ विज्ञान के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए मेरी सरकार ने मौलिक अनुसंधान और नवाचार के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की आवश्यकता को पहचाना है।

76. 2010 से शुरू हुए दशक में जोरहाट, बरपेटा, तेजपुर, डीफू और लखीमपुर में 5 नए मेडिकल कॉलेज खोले गए जिनमें कुल 1100 एमबीबीएस छात्रों को दाखिला मिलता था। 2022 में धुबरी मेडिकल कॉलेज को 100 छात्रों की दाखिला के क्षमता के साथ अनुमती मिली, जिससे कुल सीटों की संख्या 1200 हो गई। वर्ष 2023 में नये मेडिकल कॉलेज की स्थापना में तेजी आई। कोकराझार और नगांव में दो नए कॉलेजों के अनुमति पत्र के साथ असम में एमबीबीएस छात्रों की कुल वार्षिक भर्ती 1400 तक पहुंच गई है। नलबाड़ी मेडिकल कॉलेज चालू होने के बाद सीटों की संख्या 1500 तक पहुंच जाएगी। साथ ही सभी कार्यरत मेडिकल कॉलेजों में रोगियों के लिए सेवा और उपचार प्रदान करने हेतु 500 बिस्तरों वाले अत्याधुनिक सेवा और उपचार अस्पताल हैं।

77. युवा पीढ़ी में वैज्ञानिक प्रवृत्ति को बढ़ावा देने के लिए मेरी सरकार ने छह जिला विज्ञान केंद्र सह तारामंडल और 11 जिला विज्ञान केंद्र का निर्माण शुरू किया है। इसके अलावा, गुवाहाटी के तेपेसिया में, प्रस्तावित साइंस सिटी परियोजना में कन्वेंशन सेंटर, स्पेस ओडिसी बिल्डिंग और साइंस डिस्कवरी कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

78. मेरी सरकार ने नई शिक्षा नीति के अनुरूप 214 हाईस्कूलों को चार क्लास हायर सेकेंडरी स्कूलों में तब्दील किया था और 716 स्कूलों को चार क्लास सेकेंडरी स्कूलों में तब्दील करने का लक्ष्य रखा था। मेरी सरकार ने निम्न प्राथमिक विद्यालयों में दो वर्षों के साथ आंगनवाड़ी में तीन वर्षों के एकीकरण को पांच वर्ग बुनियादी शिक्षा के रूप में मंजूरी दी है और अब एक बच्चे की स्कूली तैयारी 3 वर्ष की आयु से शुरू होगी।

79. असम के चाय बागान क्षेत्रों के शैक्षणिक माहौल को बेहतर करने के उद्देश्य से, मेरी सरकार ने भारत की आजादी के 75 वर्षों के बाद पहली बार 119 मॉडल हाई स्कूल स्थापित करने के लिए कदम उठाया है। इसमें से 97 विद्यालय शैक्षणिक सत्र 2022-23 से शुरू किए गए हैं। भारत के माननीय राष्ट्रपति ने राज्य में 100 अन्य चाय बागान मॉडल स्कूलों की आधारशिला रखी थी।

80. पीएम-डिवाइन के तहत मेरी सरकार ने वर्तमान स्कूलों को आधुनिक संरचना में पूरी तरह से पुनर्गठन करने की योजना बनाई है ताकि सीखने का सबसे अच्छा वातावरण प्रदान किया जा सके और स्कूलों को उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र के रूप में बनाया जा सके।

81. मेरी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान प्रज्ञान भारती योजना के तहत 8171.47 लाख रुपये की राशि 2.00 लाख रुपये या उससे कम वार्षिक आय वाले माता-पिता के बीपीएल छात्रों को फीस में छूट दी गई है। योजनान्तर्गत 3,57,903 छात्र लाभान्वित हुए हैं। यूजी

स्तर के छात्रों को मुफ्त पाठ्यपुस्तकों के लिए 3542.41 लाख रुपये जारी किए हैं और इससे 354241 छात्र लाभान्वित हुए हैं।

82. वर्ष 2018 और 2019 में उच्चतर माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली 15160 छात्राओं को डॉ. बानिकांत काकती पुरस्कार के तहत स्कूटर वितरित किए गए हैं। इस वर्ष 80 महाविद्यालयों को अधोसंरचना विकास अनुदान हेतु 2050.00 लाख रुपये की राशि जारी की गई है। वर्ष 2021-22 के दौरान सरकार ने संयुक्त योग्यता छात्रवृत्ति, पी.जी. रिसर्च स्कॉलरशिप और माइनॉरिटी गर्ल्स स्कॉलरशिप प्रदान किया है।

83. RUSA के तहत, दलगाँव, तुलुंगिया, बिहाली, एरालीगुल, अमजोंगा, डाइथोर, काकोपथार और बोरखोला में 8 मॉडल डिग्री कॉलेज (एमडीसीएस) चल रहे हैं। डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय और गुवाहाटी विश्वविद्यालय को बुनियादी ढांचा अनुदान के रूप में 40 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। पुन: RUSA 2.0 के दौरान इन दोनों विश्वविद्यालयों के बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए अब तक प्रत्येक को 10.45 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं।

84. बोंगाईगांव, बेहाली, सुआलकुची, नलबाड़ी, नगांव और उदालगुरी में 6 (छह) और इंजीनियरिंग कॉलेजों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा, हाजो, माजुली, तिंगखांग, दरंग, कार्बी आंगलोंग, नगांव, धुबड़ी और डीमा हसाओ में अन्य 8 (आठ) नए पॉलिटेक्निक का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

85. उद्योग के लिए कुशल कर्मियों तथा उद्यमी तैयार करने के लिए मेरी सरकार ने टाटा टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से राज्य में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआईएस) और पॉलिटेक्निक को उत्कृष्ट केंद्र के रूप में बदलने के लिए कार्य कर रही है।

86. राज्य में 18 जनवरी से 18 फरवरी 2023 तक गुणोत्सव का आयोजन चरण एक, दो और तीन में किया गया। कक्षा 1 से 9 वीं तक के शैक्षिक मूल्यांकन, पठन-पाठन कौशल का मूल्यांकन तथा शैक्षणिक, रसद एवं अधोसंरचना के संबंध में विद्यालयों के मूल्यांकन के उद्देश्य से प्रदेश में गुणोत्सव का आयोजन किया गया। 2023 के गुणोत्सव के दौरान, 44,531 स्कूलों और 41,28,091 छात्रों ने भाग लिया।

(J) स्वास्थ्य देखभाल

87. राज्य प्रशासन की जिम्मेदारी संभालने के पहले दिन से ही मेरी सरकार सभी के लिए सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवा के संकल्प के साथ काम कर रही है। इस दिशा में, मेरी सरकार ने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के लिए कई कदम उठाए हैं, जिन्हें सही मायने में क्रांतिकारी कहा जा सकता है और इसे राज्य के इतिहास में पहले कभी नहीं देखा गया। जो लोग पहले कभी निजी अस्पतालों में इलाज का खर्च नहीं उठा सकते थे, सरकारी क्षेत्र के अस्पताल आज ऐसे लोगों के भाग्य को बदलने में दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ शानदार उदाहरण के रूप में सामने आई हैं। बोन मेरो ट्रांसप्लांट जैसे उपचार, जिन्हें पहले राज्य की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में देखा नहीं गया था, अब मेरी सरकार के सक्रिय समर्थन से किए जा रहे

हैं। मैं पूरे विश्वास के साथ यह कह सकता हूं कि मेरी सरकार तब तक कार्य करती रहेगी जब तक स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र सभी इच्छित उपलब्धि हासिल नहीं कर लेती।

88. मेरी सरकार सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है। इसके लिए मुख्यमंत्री नि:शुल्क निदान कार्यक्रम, जन्मजात हृदय रोग वाले बच्चों के लिए नि:शुल्क ऑपरेशन, स्नेह स्पर्श योजना, चाय बागानों की आबादी के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) सेवाएं, नि:शुल्क टीवी निदान उपचार आदि विभिन्न कदम चलाए जा रहे हैं।

89. मेरी सरकार ने आईआईटी-गुवाहाटी में एक मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल स्थापित करने के लिए आईआईटी-गुवाहाटी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया हैं। यह आने वाले दिनों में रोगी देखभाल सेवाओं के साथ-साथ चिकित्सा अनुसंधान और प्रशिक्षण का केंद्र होगा।

## (K) युवा सशक्तिकरण

90. युवाएं राज्य का भविष्य है। मेरी सरकार पहले दिन से ही यह सुनिश्चित करने में दृढ़ रही है कि वे इस हद तक सशक्त हों कि एक नए असम और भारत द्वारा प्रदान किए जा रहे अवसरों का सही उपयोग कर सकें। इस दिशा में, समर्पित कार्य योजनाओं को मिशन मोड पर लागू किया जा रहा है, जो हमारे युवा पीढ़ियों को उन क्षेत्रों में प्रवेश करने में सक्षम बनाएगी, जिनमें कुछ साल पहले तक उद्यम करना मुश्किल माना

जाता था। मैं कल्पना कर सकता हूं कि आने वाले दिनों में, राज्य की युवा पीढ़ी जिस भी क्षेत्र में प्रवेश करना चाहेगी, वहीं सफलता की नई ऊंचाइयों को छूने में सक्षम हागी।

91. उद्योग 4.0 और आधुनिक तकनीकी प्रगति की आवश्यकताओं को देखते हुए युवाओं का कौशल विकास समय की मांग है। इसे देखते हुए आईटीई एजुकेशन सर्विसेज (आईटीईईएस), सिंगापुर के सहयोग से नॉर्थ ईस्ट स्किल सेंटर की स्थापना की गई, जो चार विषयों - खाद्य और पेय सेवाएं, आतिथ्य - गृह व्यवस्था, खुदरा सेवाएं एवं सौंदर्य और कल्याण में प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है।

92. इसके अलावा, दरंग जिले के मंगलदै में कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना की जा रही है और इसका निर्माण कार्य प्रगति पर है। यह राज्य में सभी व्यावसायिक कौशल प्रयासों को फिर से आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

(L) महिला एवं बाल कल्याण

93. मेरी सरकार राज्य की महिलाओं और बच्चों के प्रति अपने जिम्मेदारियों से पूरी तरह अवगत है। भारत सरकार के उत्साहपूर्ण मार्गदर्शन के साथ, मेरी सरकार महिला की छवि को अबला नारी (एक असहाय महिला) से सबला नारी (एक सशक्त महिला) में बदलने के उद्देश्य से हर संभव कार्य कर रही है। इसके अलावा, मेरी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए लगातार काम कर रही है कि राज्य के बच्चों को आवश्यक सहायता मिल सके, जिससे वे राष्ट्र के धरोहर के रूप में

विकसित हो सकें और आने वाले दिनों में राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में योगदान दे सकें।

94. इसी उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) योजना के पूरक पोषाहार कार्यक्रम (एसएनपी) के तहत 37,40,542 लाभार्थियों को शामिल किया गया है।

95. प्री-स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता को मजबूत करने और लक्षित लाभार्थियों की पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने तथा आंगनवाड़ी केंद्रों को जीवंत और आकर्षक बनाने के लिए, मेरी सरकार ने राज्य में 25.00 लाख रुपये की दर से मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र भवन बनाने की पहल की है। स्वीकृत 999 में से अब तक 800 मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र (एडब्ल्यूसी) पूरे किए जा चुके हैं।

96. महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए मेरी सरकार कई योजनाएं लागू कर रही है। वर्तमान में प्रधानमंत्री मातृ बंदना योजना (पीएमएमबीवाई) के तहत 9,43,543 लाभार्थी लाभान्वित हुए हैं।

**(M) ऊर्जा क्षेत्र को बढ़ावा देना**

97. ऊर्जा सुरक्षा समाज और राज्य की पूर्ण विकास का आधार है। इसे ध्यान में रखते हुए, मेरी सरकार राज्य के हर कोने में चौबीसों घंटे बिजली देने के उद्देश्य से कार्य कर रही हैं। एक समय ऐसा था जब बिजली की कटौती नियमित रूप से होती थी, पर अब यह बीते हुए युग की बात है। ऊर्जा सुरक्षा को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से कई महत्वाकांक्षी

परियोजनाएं या तो कार्यान्वित की जा रही हैं या विकास के विभिन्न चरणों में हैं। वर्तमान, असम में बिजली आपूर्ति में कोई कमी नहीं है और बिजली आपूर्ति की विश्वसनीयता ग्रामीण क्षेत्रों में 22 घंटे और शहरी क्षेत्रों में 23 घंटे हो गई है।

98. एपीडीसीएल ने असम के सभी राजस्व गांवों का विद्युतीकरण सम्पूर्ण किया है। दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (डीडीयूजीजेवाई) और 'सौभाग्य' योजना के तहत ऐसे गांवों के सभी योग्य परिवारों को बिजली कनेक्शन भी प्रदान किया है।

99. मेरी सरकार ने जलवायु परिवर्तन के मुद्दों को संबोधित करने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत नवीकरणीय ऊर्जा पर विशेष जोर दिया है। उम्मीद है कि असम 2026 तक 3,000 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पन्न करने में सक्षम होगा।

100. मेरी सरकार ने 196 नए वितरण उप-स्टेशनों और 2674 उच्च वोल्टेज वितरण प्रणाली (एडीएसईएलआर) की स्थापना के साथ वोल्टेज में सुधार के लिए असम डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम एनहांसमेंट एंड लस रिडक्शन (एचबीडीएस) परियोजना की भी शुरूआत की है।

101. 120 मेगावाट की निचली कोपिली परियोजना का निर्माण दिसंबर 2024 तक पुरा होने की उम्मीद है और इससे राज्य की बिजली उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी।

**और अंत में...**

102. स्वतंत्रता के पहले के समय से असम तेल, कोयला और चाय के निर्यात के मामले में काफी समृद्धशाली रहा। हालाँकि, स्वतंत्रता के बाद असम को जिस लापरवाही का सामना करना पड़ा था, इससे विकास की दिशा में काफी बाधा उत्पन्न हुई। स्वतंत्रता के बाद से 6 दशकों की अवधि में, असम को भारत के अन्य हिस्सों के साथ संपर्क करने में भी बाधा उत्पन्न हुई थी, जिससे सामाजिक-आर्थिक असमानता पैदा हुई। हालाँकि, 2014 के बाद से, असम और उत्तर-पूर्व ने केंद्र सरकार का ध्यान आकर्षित किया है। आज माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने असम के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया है। इससे असम अब शांति, समृद्धि और अभूतपूर्व विकास का एक नया युग देख रहा है।

103. केंद्र सरकार की ओर से अटूट प्रतिबद्धता और उदार सहायता के कारण आज एक नए विश्वास का संचार हुआ है और राज्य में विकास की एक नए युग की शुरुआत हुई है। मैं कहना चाहता हूं कि आने वाला कल हमारा होगा। पुनरुत्थान होने से असम का राष्ट्रीय परिदृश्य में एक नई पहचान होगी। विकास की धारा असम को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाएगा और इसे देश के शीर्ष विकसित राज्यों में से एक बनाएगा।

104. हालांकि, विकास की गति को जारी रखने के लिए तथा विकास के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सरकार को पूरी प्रतिबद्धता के साथ खुद को समर्पित करने की जरूरत है। असम के लोगों को एकजुट होकर चुनौतियों

का सामना और बाधाओं को दूर करने की जरूरत है। मुझे विश्वास है कि इस प्रतिष्ठित सदन के माननीय सदस्य भी अनुकरणीय नेतृत्व का परिचय देंगे और लोगों को राज्य के विकास के उद्देश्य से काम करने के लिए प्रेरित करेंगे।

माननीय सदस्यगण

105. मेरी सरकार हमारे सबके प्रिय प्रधानमंत्री जी द्वारा उत्तर पूर्व को विकास के नए इंजन में बदलने के संकल्प से प्रेरित है। हम पिछले एक साल से उनके उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करते आ रहे हैं। हमारी सरकार ने राज्य की पूरी क्षमता को उजागर करने के उद्देश्य से कई उपाय किए हैं। मैंने अपनी सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों और उपलब्धियों को रेखांकित किया है। मेरी सरकार असम के लोगों से किए गए सभी वादों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। पूर्व में उल्लेखित नीतियों और कार्यक्रमों की झलक से पता चलता है कि मेरी सरकार अगले तीन वर्षों में किस दिशा में आगे बढ़ेगी। मैं इस सम्मानीय सदन के समर्थन और राज्य के सर्वांगीण विकास एवं असम के सभी वर्गों के लोगों के लाभ के लिए एक साथ काम करने का अनुरोध करता हूं।

जय हिन्द ।

2023

असम सरकार मुद्रणालय
गुवाहाटी-21